


# षोडश बिहार विधान सभा

## चतुर्थ सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-05 बृहस्पतिवार, दिनांक- 01 दिसम्बर, 2016 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.25 बजे पूर्वा० तक**

[1] अन्य चर्चाएँ :-

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री प्रेम कुमार द्वारा दिनांक 29.11.2016 को सदन में हुई घटना पर आसन से न्याय की गुहार लगायी ।

आसन से कहा गया कि आपने उस दिन एवं आज महत्वपूर्ण विषय उठाया है । पूरा सदन आपकी बातों से सहमत है तथा संसदीय प्रणाली का जो चरम बिन्दु होता है उसके तहत सभी आचरणों की निंदा सभी दल के माननीय सदस्यों द्वारा की गयी है साथ ही इस पर खेद भी प्रकट किया गया है, इसलिए अब सदन चले इसमें आसन आपसे सहयोग की अपेक्षा करता है ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iii) 111 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''पुन: नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपनी माँगों पर क्रियान्वयन की माँग आसन से की गई एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, श्री श्रवण कुमार द्वारा सरकार की ओर से इस विषय में स्थिति स्पष्ट की गयी ।

पुन: आसन द्वारा सदन चलने के लिए विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।''

**(स्थगनोपरान्त)**

(12.00 बजे मध्या० से 12.18 अप० तक)

[3] माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, श्री श्रवण कुमार द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र में अनागत तारांकित प्रश्नों के उत्तर को सभा पटल पर रखा गया ।

[4] माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, श्री श्रवण कुमार द्वारा श्रम संसाधन विभाग के बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्तें विनियमन) (संशोधन) नियमावली, 2016 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[5] <u>कार्य स्थगन</u> :-

माननीय सदस्य श्री राणा रणधीर, श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं श्री विजय कुमार खेमका से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[6] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

| | |
|---|---|
| (i) श्री मो० नेमतुल्लाह | (ii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा |
| (iii) श्री वशिष्ठ सिंह | (iv) श्री विनोद प्रसाद यादव |
| (v) श्री लाल बाबू राय | (vi) श्री मो० नवाज आलम |
| (vii) श्री सुदामा प्रसाद | (viii) श्री महबूब आलम |
| (ix) श्री मदन मोहन तिवारी | (x) श्रीमती बेबी कुमारी |
| (xi) श्री आनन्द शंकर सिंह | (xii) श्री रामदेव राय |
| (xiii) श्री अमीत कुमार | (xiv) डॉ० रामानुज प्रसाद |

[7] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री सुदामा प्रसाद का सहकारिता विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री आलोक मेहता द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) श्री रामसेवक सिंह एवं अन्य सभासदों का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री रामसेवक सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री अवधेश कुमार सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[8] माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के बजट प्राक्कलन के संदर्भ में द्वितीय तिमाही के प्राप्ति एवं व्यय का रूझान संबंधी परिणाम प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[9] माननीय सभापति, लोक लेखा समिति, श्री नंद किशोर यादव द्वारा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में दर्ज विभिन्न वर्षों की कंडिका आपत्तियों पर लोक लेखा समिति का निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से संबंधित प्रतिवेदन सं०-598, सहकारिता विभाग से संबंधित प्रतिवेदन सं०-599, खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित प्रतिवेदन सं०-600, भवन निर्माण विभाग से संबंधित प्रतिवेदन सं०-601 और नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित प्रतिवेदन सं०-605 तथा 606 की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

''इस दौरान अपनी विभिन्न माँगों को लेकर शोरगुल करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण एवं सत्ता पक्ष की महिला सदस्यगण वेल में आ गए । आसन द्वारा उन्हें अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किया गया, किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।''

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

(02.00 बजे अप० से 5.30 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[10] <u>वित्तीय कार्य</u> :- वित्तीय वर्ष 2016-17 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग [ग्रामीण विकास विभाग] पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

आसन से माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा एवं श्री अरूण कुमार सिन्हा का नाम कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु पुकारा गया लेकिन कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर चर्चा में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री चन्द्रसेन प्रसाद

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री नरेन्द्र नारायण यादव ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री मो० नेमतुल्लाह
(iii) श्री रामदेव राय
(iv) श्री सीताराम यादव
(v) श्री निरंजन कुमार मेहता
(vi) श्री सत्यदेव राम
(vii) श्री अरूण कुमार यादव
(viii) श्रीमती अमिता भूषण
(ix) श्री मेवालाल चौधरी
(x) श्रीमती समता देवी
(xi) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(xii) श्री मो० नवाज आलम
(xiii) श्री राजेन्द्र राम

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

सदन द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् वर्ष 2016-2017 के द्वितीय अनुपूरक के शेष अनुदान की मांगे मुखबंध (गिलोटीन) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

[11] <u>विधायी कार्य</u> :- <u>राजकीय (वित्तीय) विधेयक</u> : बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2016 :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[12] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 55 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 02 दिसम्बर, 2016 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-01 दिसम्बर, 2016

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।